आसींद विधानसभा चुनाव में दुबारा भाजपा का कमल खिला

जब्बर सिंह सांखला हुए विजयी, कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई

गुलाबपुरा, (निसं)। आसींद विधानसभा चुनाव की रविवार को हुई मतगणना में भाजपा के प्रत्याशी जब्बर सिंह सांखला 1526 मतों से हुऐ विजय। आसींद विधानसभा चुनाव में भाजपा के जब्बर सिंह सांखला व कांग्रेस के हगामीलाल मेवाडा एवं आरएलपी प्रत्याशी धनराज गुर्जर में त्रिकोणीय मामला होकर कांटे की टक्कर थी व एक्जिट पोल को भी फेल कर करते हुए मतदाताओं ने भाजपा के जब्बर सिंह सांखला को दुबारा मौका दिया।

चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को 74586 व कांग्रेस प्रत्याशी को 73060 एवं आरएलपी प्रत्याशी गुर्जर को 56904 वोट मिले। वही निर्दलीय नारु भील को 7676 वोट मिले। आप पार्टी के प्रत्याशी को मात्र 1784 व अन्य को एक हजार के अंदर अंदर वोट मिले। भाजपा के जब्बर सिंह सांखला दुबारा चुनाव जीत कर लगातार दुसरी बार विधायक चुने गए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी में आतिशबाजी कर मिठाई बांटकर खुशी जहीर की गई।इस दौरान भाजपा नेता करतार सिंह राठौड़, हनुमंत सिंह राठौड़,अमर सिंह चौहान, चन्द्रशेखर मेवाडा, महेन्द्र सिंह, विनोद त्रिपाठी,कन्हैया लाल वैष्णव, विजय सिंह पंवार, इन्द्रजीत सिंह,सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर की।

गुलाबपुरा में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई।

- **त्रिकोणीय मुकाबले के बीच कांग्रेस के हगामी लाल मेवाड़ा तथा आरएलपी प्रत्याशी धनराज गुर्जर को कांटे की टक्कर में हराया**

स्मृति दिवस मनाया जायेगा

भीलवाड़ा, (निसं)। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ बदनोर के सानिध्य में युवाचार्य मधुकर मुनि म. सा. का 40 वा स्मृति दिवस एवम प्रवर्तक मदन मुनि म.सा. का तृतीय स्मृति दिवस समारोह तप त्याग एवम सामायिक साधना के साथ बदनोर जैन स्थानक में मनाया जायेगा।

मरुधरा ज्योति साध्वी कमल प्रभा ने कहा कि बदनोर नगरी में धर्मध्यान तपत्याग की गंगा प्रवाहित है ,सभी श्रावक श्राविकाये प्रार्थना प्रवचन का एवं जिनवाणी का लाभ ले रहे हैं। मनुष्य जन्म पाने के बाद समय, समझ, सामठी, और शक्ति सबको मिलती है लेकिन कोई कोई मनुष्य ही उसका उपयोग कर पता है। जिस तरह हंस पानी मिले दूध में से दूध पी लेता है पानी छोड देता है इस तरह सम्यक दृष्टि जीव संसार में जो श्रेष्ठ है उसे पकड लेते हैं और शेष को छोड देते हैं। मंत्री हीरालाल गोखरू ने बताया कि 5 दिसंबर को युवाचार्य श्री मधुकर मुनि महाराज साहब का 40 वां स्मृति दिवस एवं प्रवर्तक श्री मदनमुनि जी म. सा. का तीसरा पुण्य स्मृति दिवस दो-दो सामायिक एवं जाप दिवस के साथ बदनोर मनाया जाएगा।

सार-समाचार

द्रौपदी कोली ने बैठक ली

अजमेर, (कासं)। कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर द्रौपदी कोली के चुनाव कार्यालय पर चुनाव परिणामों को लेकर वार्ड अध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी व पार्षद कि एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। विधानसभा चुनाव को लेकर सक्रिय कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव व अनुभव साझा किए गए। इस अवसर पर द्रौपदी कोली ने सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव के दौरान किए गए कार्य पर आभार जताते हुए कहा कि मैं संगठन और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के दम पर चुनाव मैदान में थी और सभी को साथ लेकर सफलता हासिल करना चाहती थी परंतु कुछ स्थानों पर मैं और हमारे कार्यकर्ता आम मतदाता तक नहीं पहुंच पाए और उनके समक्ष अपनी बात नहीं रख पाए जिसे थोड़े से मतों से हम चुनाव में पिछड़े। अब हमें पूरे दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में वेग और ऊर्जा के साथ गली मोहल्ले में दक्षिण विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र में गली मोहल्ले में अपनी टीम तैयार करनी है और कार्यकर्ताओं को जोड़ना है हमें आगामी समय में होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए तैयारी में जुड़ जाना है और हमारे द्वारा जनता के बीच किए गए वादों के लिए तैयार रहना है। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय जैन, राजेश आनंद, हेमंत शर्मा, विजय नागोरा, बालमुकुंद टाक, ईश्वर राजोरिया, कौशल चित्तौड़िया, कौशल, समीर शर्मा, मोनू टॉक, नितिन जैन, आरिफ खान, सुनील धानका, बाबू खान, ऋषभ पटेल, पायल जैन, जसवंत भड़ाना, कुशाल कोमल, कैलाश कोमल, आलोक गुप्ता, विजय शर्मा, विनोद आसानानी, दया शंकर कश्यप, विनोद नक्वाल, विष्णु गोड, कमलेश खींची, विजय सिंह गहलोत, दिनेश शर्मा, सुनील केन, लक्ष्मी बुन्देल, पुष्पा ट्रेलर, शाम प्रजापति इत्यादि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत 9 को

ब्यावर, (निसं)। आगामी 09 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ. जीतेन्द्र सांवरिया द्वारा न्यायिक अधिकारीगण के साथ एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण को न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य फौजदारी, दीवानी, एमएसीटी, चैक अनादरण, राजस्व आदि प्रकृति के प्रकरणों में प्रभावी प्री-काउंसलिंग करने, डोरस्टेप काउंसलिंग हेतु पक्षकारान को नोटिस जारी करने व लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों से होने वाले फायदे के बारे में बताकर ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों के निस्तारण हेतु प्रोत्साहित किया गया। मीटिंग में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सं.1 डॉ. वीनू नागपाल, अति. मुख्य न्यायिक मजि. कोमल मोटियार, न्यायिक मजिस्ट्रेटगण ऋतु चंदानी, शैली परवाल व अजय विश्नोई उपस्थित रहे।

गौतम का स्वागत किया

सरवाड़, (निसं)। शहर साहित आसपास के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की जीत पर विजयी जुलूस निकाला वहीं शत्रुघ्न गौतम की जीत पर मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया वहीं शहर में गौतम के सरवाड़ पहुंचने पर चमन चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने गौतम का स्वागत किया। वहीं मालाओं से लाद दिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल खींची, पूर्व पालिका अध्यक्ष दुर्गा लाल माली, पूर्व मंडल अध्यक्ष चैन सिंह पगारिया, महामंत्री कुशल किशोर सोनी व पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष अजय पारीक सहित कार्यकर्ताओं ने गौतम का गर्म जोशी से स्वागत किया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी भाजपा के प्रत्याशी शत्रुघ्न गौतम जीतने पर खुशी जाहिर की।

दिनभर रहा बधाई देने वालों का तांता

मसूदा, (निसं)। मसूदा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत के जीत की खुशी में सोमवार को दिन भर उनके निवास स्थान पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। वीरेंद्र सिंहकानावत के निर्वाचित होने पर सोमवार को प्रातः मसूदा स्थित उनके निवास परभाजपा के पदाधिकारियों एवं समर्थकों का आना-जाना लगा रहा अलग-अलग गांव के समर्थक अपने हाथों में मालाएं साफा लेकर आए और नव निर्वाचित विधायक का माल्यार्पण कर व साफा बंधवाकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक की आवास पर भी आने जाने वालों का मुंह मीठा करवाया गया।

आर्य समाज का हवन यज्ञ संपन्न

अजमेर, (कासं)। आर्य समाज नला बाजार मून्दडी मोहल्ला सदर बाजार के तत्वावधान में सोमवार को हवन यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। हवन यज्ञ के दौरान वैद्विक विद्वान आचार्य गोविन्द सिंह ने अपने सत्संग प्रवचनों में कहा कि मानव योनि सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ योनि है जो कि हमें सौभाग्य से मिली है, हम सबको चाहिए कि परमात्मा का सिमरन करते हुए जीवन को सफल बनाए। आर्य समाज संस्था के संयुक्त मंत्री रमेश लालवानी ने आर्य समाज की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि सृष्टि की रचना परमात्मा द्वारा कर्म पर आधारित सिद्धांत से की है।

जाली नोट प्रकरण में एक और आरोपी गिरफ्तार

पुलिस की गिरफ्त में जाली नोट प्रकरण का आरोपी।

ब्यावर, (निसं) महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेंज, अजमेर लता मनोज कुमार आई. पी.एस. के आदेशानुसार व जिला पुलिस अधीक्षक, ब्यावर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, के निर्देशानुसार पुलिस थाना ब्यावर शहर कि गठित टीम द्वारा जाली नोट प्रकरण में एक और आरोपी गिरफ्तार किया गया है। 25 सितंबर को सिटी थानाधिकारी द्वारा मय टीम के मुखबिर से मिली सुचना के बाद सुभाष उद्यान में हो रहे तेजा मेला से तीन आरोपीयों से 500-500 रूपये के 90 जाली नोट जप्त किये तथा गिरफ्तार किया गया था।

गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के दौरान अन्य आरोपियों की जानकारी मिलने पर उनकी तलाश की गई। उक्त वांछित आरोपी मतवा ढाणी मोरियाना पुलिस थाना थावला निवासी राहुल मतवा पुत्र दीपाराम मतवा जाति जाट अन्य आरोपियो को जाली नोट उपलब्ध करवाता था। पुलिस टीम ने काफी मशक्क्त व मुखबिर कि सहायता से 02 दिसंबर को गिरफ्तार किया जाकर 03 दिसंबर को न्यायालय में पेश किया जो वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा मे हैं।पुलिस टीम में उप निरीक्षक हनुमान राम,हेड कांस्टेबल जगमोहन, कांस्टेबल प्रवीण चौधरी, देशराज, दुर्गा राम, सोहन आदि थे।

सहायता राशि मिलेगी

अजमेर, (कासं)। मुख्यमत्री कोरोना सहायता योजना के वंचित पात्र लाभार्थियों को वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाने पर सहायता राशि उपलब्ध होगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक प्रफुल्ल चन्द्र चैबीसा ने बताया कि जिले में मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्रा 2022-23 में कोरोना पेन्शन प्राप्त कर रही 803 विधवा महिलाओं में से 204 विधवा महिलाओं तथा कोरोना विधवा महिलाओं के पालनहार का लाभ प्राप्त कर रहे 555 बच्चों में से 182 बच्चे एवं कोरोना अनाथ श्रेणी में 16 में से 6 बच्चों का वार्षिक सत्यापन लम्बित होने से मुख्यमंत्री कोरोना सहायता का मासिक भुगतान प्राप्त नहीं हो सका है। वहीं शैक्षणिक सत्रा 2023-24 में कोरोना पेन्शन प्राप्त कर रही 803 विधवा महिलाओं में से 372 विधवा महिलाओं, कोरोना विधवा महिलाओं के पालनहार प्राप्त कर रहे 555 बच्चों में से 285 बच्चे एवं कोरोना अनाथ श्रेणी में 16 में से 13 बच्चों का भी वार्षिक सत्यापन अब तक लम्बित है। जिले के मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना के समस्त लाभार्थी को अपने नजदीकी ई-मित्र से बायोमैट्रिक अथवा ओटीपी के द्वारा वार्षिक सत्यापन कराने पर योजनान्तर्गत मासिक भुगतान प्राप्त हो सकेगा।

विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति की बैठक का आयोजन

विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति की बैठक को संबोधित करते अतिथि।

बिजयनगर, (निसं)। मातृसक्ति विश्व हिन्दू परिसद के तत्वाधान में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया बैठककी अध्यक्षता इंदुबाला सुखवाल ने की। मुख्य वक्ता अलका गॉड प्रान्त संयोजिका एवं हिमांशी विभाग सह संयोजिका की उपस्थिति में आयोजित बैठक में आगामी 17 दिसंबर को अजमेर में होने वाले मातृशक्ति आयोजन के संदर्भ में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में पूजा,प्रतिभा,सरिता व ममता सहित विश्व हिन्दू परिषद के धनराज कावड़िया उपस्थित रहे, आयोजित बैठकमें संस्कारित परिवार परिवार के संदर्भ में जानकारी देते हुए संगठन सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

अभिभाषक संस्था के मतदान 8 को, कम खर्चे में चुनाव संपन्न कराने की क़वायद

भीलवाड़ा, (निसं)। जिला अभिभाषक संस्था के आगामी 8 दिसंबर को होने वाले चुनाव के लिए आज से नामांकन भरना शुरू हो चुका है । संस्था के पदाधिकारी बनने के लिए आज पहले दिन 5 नामांकन भरे गये है । अधिवक्ताओं में चुनाव को लेकर उत्साह का माहोल है । कोर्ट परिसर में चुनावी रणनीतियां बननी शुरू हो गई है ।प्रत्याशी अधिवक्ता अन्य सदस्य मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क में लग चुके हैं । दूसरी और ज़िला अभिभाषक संस्था ने भी मतदान को लेकर तैयारियां कर ली है।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने राघवेंद्र नाथ व्यास ने बताया कि इस बार चुनाव मितव्ययता के साथ करवाये जाएँगे। कोई भी उम्मीदवार अन्य सदस्य अधिवेक्ताओं को डायरी , कैलेंडर , लंच डिनर आदि नहीं देगा । मतदाताओं को लुभाने के लिए दिये जाने वाले इन प्रलोभन को बार काउंसिल द्वारा प्रतिबंधित किया गया है साथ ही बड़े होर्डिंग्स , बैनर , पोस्टर व कटआउट लागाने पर भी इस बार रोक रहेगी , न्यायालय परिसर से 3 किलोमीटर की परिधि में इस तरह के बैनर पोस्टर पाए जाने पर नामांकन निरस्त कर दिया जाएगा । इस दौरान सहायक चुनाव अधिकारी शैलेंद्र वर्मा , गिरीश कौशिक आशीष सिंघवी आदि ने कोर्ट परिसर का दौरा कर तैयारी का अवलोकन किया। नामांकन के पहले दिन पुस्तकालय सचिव व सह सचिव पद के लिए दो-दो एवं महासचिव पद के लिए एक आवेदन प्राप्त हुआ है। कल मंगलवार शाम को 5:00 बजे तक प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा और 6 तारीख को दोपहर 1:00 बजे तक नाम वापसी होगी ।अंतिम प्रत्याशियों की सूची बुधवार को 2 बजे तक जारी होगी। 8 दिसंबर को मतदान होगा जो प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक चलेगा । इसी दिन मतगणना के बाद परिणाम घोषित होगा।

जिला अभिभाषक संघ के चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की।

'पी.एम. मोदी के नेतृत्व में अब चौमुखा विकास होगा'

ब्यावर, (निसं)। राजस्थान में विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने बढ़त हासिल करते हुए बहुमत का आंकड़ा पार कर अजमेर देहात की पांचो सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की। इस पर अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने कहा कि राजस्थान में बीजेपी की जीत पीएम मोदी की जीत है, अमित शाह की रणनीति की जीत है जबकि उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को भी श्रेय दिया। विधानसभा चुनाव में राजस्थान में भाजपा की प्रचंड जीत पर स्थानीय भाजपाइयों में खुशी की लहर व्याप्त हो गई। यह विधानसभा चुनाव के नतीजे पूरे अजमेर, प्रदेश व देश की राजनीति के लिए अहम साबित होने वाले नतीजे है। भाजपा ने हमेशा सकारात्मक और विकास की राजनीति की है।

अब राजस्थान तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़े यह प्रदेश के जनता की इच्छा है,जो इन चुनावी नतीजों से स्पष्ट हुई है। राजस्थान की जनता ने मोदी जी पर विश्वास दिखाया है। सभी भाजपाइयों ने एक-दूसरे को मिठाई वितरित कर जीत की खुशियां मनाई। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष डूंगरसिह रावत, जितेंद्र कांवडिया, जिला मंत्री बृजकिशोर शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री व पार्षद रवि चौहान, मण्डल महामंत्री सन्तोष जाठात, सत्येंद्र यादव, मुकेश घावरी, विजय दगदी, रामेश्वर गहलोत, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक चौहान, गोलु पहलवान, ललित आसरवा, नटवर अरोड़ा, रमेश दगदी, यज्ञेश शर्मा, राज जागिंड, श्रीकिशन जागिंड,मनीष बंसल, देवकीनंदन शर्मा, मूल सिह राजपुरोहित, लक्ष्मण सिंह सहित प्रदीप रावत व अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इन लोगों का कहना है कि यह जीत नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में लड़े चुनाव की जीत है, जिसका प्रभाव आने वाले लोकसभा चुनाव पर भी पड़ेगा।

- **जीत पर बोले जिलाध्यक्ष भूतड़ा**

छात्र-छात्राओं को देव दर्शन कराए

ब्यावर, (निसं)। संस्कार केंद्र की छात्र-छात्राओं को नीलकंठ महादेव मंदिरले जाकर देवदर्शनकरवाया गया। आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारा संचालित ब्यावर संकुल में स्थित पांच संस्कार केंद्र देवनारायण संस्कार केंद्र, वीर तेजाजी संस्कारकेंद्र, श्री राम संस्कार केंद्र, शिव संस्कार केंद्र, महर्षि गौतम संस्कार केंद्र, विवेकानंद संस्कार केंद्र में अध्ययनरत 105 छात्र-छात्राओं को नीलकंठ महादेव में स्थित शिव मंदिर, वैष्णो देवी माता मंदिर के देव दर्शन कराए गए।

जिला संस्कार केंद्र प्रमुख संग्राम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अशिक्षित छात्र,छात्राओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान कर उन्हें शिक्षित और संस्कारवान बनाने का कार्य संस्कार केंद्र कर रहे हैं। देव दर्शन कार्यक्रम के पश्चात नरेंद्र शर्मा और लोकेश ज्याणी के नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिता 200 मीटर, 100 मीटर ,सुलेख श्रुतिलेख का आयोजन भी किया गया। प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी ने कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया कार्यक्रम के समापन पर प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को पुरष्कृत किया गया।

नाम परिवर्तन

I, No 15815579W. HAV-Naresh Kumar. NSD CANT Vill-Kathogan. Post-Tikker. Teh-Sarkaghat. Dist-Mandi (HP) 175049. मेरी मां का सही व वास्तविक नाम लीला देवी है जबकि सरकारी व अन्य दस्तावेजों में नीला देवी दर्ज है जो गलत है सभी दस्तावेजों में लीला देवी दर्ज करें। .aff-BN 911878 dt-02 Des 2023

नाम परिवर्तन

I, No 15815579W. HAV-Naresh Kumar. NSD CANT Vill-Kathogan.Post-Tikker.Teh-Sarkaghat. Dist-Mandi (HP) 175049. मेरी मां लीला देवी की सही व वास्तविक जन्म तिथि 1 जनवरी 1967 है जबकि सभी सरकारी व गैर सरकारी दस्तावेजों में 18 मार्च 1970 दर्ज है जो गलत है सभी दस्तावेजों में सही व वास्तविक जन्म तिथि दर्ज करे। .aff- BN 911877 dt-02 Des 2023

जन्म दिनांक घोषणा

मेरी नातिन संतोष जिसकी जन्म दिनांक 10/02/2012 है एवम दूसरी नातिन सुनीता जिसकी जन्म दिनांक 14/03/2013 है। इनके दोनों के माता पिता का पूर्व में स्वर्गवास हो गया है। पूर्व में इन दोनों का कहीं पर भी जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवाया है अतः अब मैं इन दोनों के जन्म प्रमाण पत्र के लिए कार्यालय तहसीलदार अजमेर में आवेदन कर रही हूं। जिस किसी को कोई आपत्ति हो 7 दिवस में अपनी आपत्ति कार्यालय तहसीलदार अजमेर में दर्ज कराए। पता- इंद्रा देवी w/o ओम जी, बड़ी नागफणी, बोराज रोड, अजमेर

6 और 7 दिसबर को होगा राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण

शाहपुरा, (निसं.)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण का आयोजन एनसीईआरटी की परख परफार्मेंस एसेसमेंट रिव्यू एंड एनालिसिस आफ नालेज फार होलिस्टिक डेवलपमेंट निकाय द्वारा किया जा रहा है। शिक्षा प्रणाली के समठा स्वास्थ्य का मूल्यांकन करने आगामी 6 और 7 दिसंबर को पूरे देश में एक साथ सभी जिलों के सभी ब्लॉक के चयनित सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण का आयोजन होगा।

इसी क्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शाहपुरा द्वारा भीलवाड़ा और शाहपुरा जिले के सभी ब्लॉकों के चयनित विद्यालयों में इसे कराने की तैयारियां पूर्ण कर आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस सर्वे के प्रभारी एसोसिएट जिला कार्डिनेटर डाइट के आईएफआईसी प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष कैलाश मण्डेला ने बताया कि इस महत्वपूर्ण सर्वे कार्य के संपादन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय भीलवाड़ा को प्रशासनिक एवं क्रियान्वयन हेतु डाइट प्रधानाचार्य को जिला कार्डिनेटर बनाया गया है। प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर चयनित 20 विद्यालयों पर एक ब्लॉक कार्डिनेटर बनाकर कार्य आवंटित किया गया है। जिले के डाइट सहित आठ संस्थानों के डी एल एड के 901 छात्राध्यापक एफ आई के रूप में प्रशिक्षित किया गया है जो सर्वे कार्य करेंगे। सर्वे संबंधी समस्त सामठी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के माध्यम से विद्यालयों तक पहुंचा दी गई है।

प्रशिक्षित एफ आई 6 और 7 दिसंबर को विद्यालय में उपस्थित होकर उक्त सर्वे कार्य का संपादन करेंगे। जिन चयनित विद्यालयों में सर्वे होगा उन विद्यालयों के संस्था प्रधानों, पीईईईओ को सर्वे कार्य के दिन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया गया है। जिला मुख्यालय भीलवाड़ा, डायट शाहपुरा तथा सभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर नियंत्रण का कक्षा स्थापित किए गए हैं। केंद्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारी इस कार्य की मॉनिटरिंग करेंगे। यह सर्वे दिनांक 6 और 7 दिसंबर को कक्षा 3 ,6 व 9 के विद्यार्थियों के साथ रेण्डम से चयनित विद्यालयों में होगा।

तिजारा विधानसभा सीट में बाबा बालकनाथ की जीत पर जताई खुशी

अरांई बस स्टैण्ड पर समर्थकों ने जयघोष कर आतिशबाजी कर जश्न मनाया

अरांई, (निसं)। विधानसभा चुनाव में तिजारा सीट पर बालकनाथ की जीत पर हिन्दू युवा वाहिनी ने जश्न मनाया। अरांई बस स्टैंड पर श्रीकल्याणराय रंगमंच पर समारोहपूर्वक मिठाई बाटकर खुशी जाहिर की। समर्थकों ने जयघोष कर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस अवसर पर हिन्दू युवा वाहिनी कार्यकर्ताओ ने रामस्नेही रामद्वारा महंत रामप्रकाश रामस्नेही महाराज का अभिनंदन कर आशीर्वाद लिया। सुमेर सिंह चौधरी गागुन्दा ने बाबा बालक नाथ की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह विश्वास और उम्मीद का चुनाव था, जिसमें जनता ने बाबा बालकनाथ पर अपना सम्पूर्ण विश्वास जता उन्हें विधानसभा पहुंचाने का काम किया है। बाबा बालकनाथ की भारी मतों से जीत सनातन की जीत है। उन्होंने बताया कि बाबा बालकनाथ को मुख्यमंत्री बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजा गया है। इस अवसर पर सुमेर सिंह चौधरी, दीपेंद्र शर्मा कल्याणपुरा, ओमप्रकाश शर्मा, दीपक शर्मा, क्षितिज गौड़,गोपीलाल कलाल,संजय पोषवाल, सीताराम कलवार, विष्णु शर्मा, दरियाव नाथ जोगी सहित हिन्दू युवा वाहिनी कार्यकर्ता और कई ग्रामीण मौजूद रहे।

अरांई में बाबा बालकनाथ की जीत पर खुशी मनाते कार्यकर्ता।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की नोसर ख.नं. 869 योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड सं. 22 क्षेत्रफल 197.33 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्रीमती रेखा पत्नी श्री महावीर सिंह निवासी ग्राम हिलोड़ी जिला नागौर की मृत्यु दिनांक 22/12/2022 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः श्री महावीर सिंह पुत्र नरपत सिंह निवासी ग्राम हिलोड़ी जिला नागौर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

आम सूचना अंतर्गत धारा-72

भारतीय भागीदारी अधिनियम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीबद्ध भागीदारी फर्म मैसर्स चौधरी मार्बल एंड मिनरल्स, ए-15, माताभर रेंज, मकराना, जिला नागौर जो की रजिस्ट्रार ऑफ़ फर्म्स, नागौर के कार्यालय में पंजीयन संख्या 17/20/96/41 पर पंजीबद्ध हैं। उपरोक्त फर्म में नवाब अली चौधरी, मो. इकबाल चौधरी, न्याज़ मो. जमील अहमद चौधरी, अब्दुल हमीद चौधरी, मंजूर अहमद चौधरी, अब्दुल हमीद चौधरी एवं कुतुबुद्दीन चौधरी भागीदार थे। दिनांक 29.04.2005 को नवाब अली चौधरी के इंतकाल की वज़ह से दिनांक 29.11.2023 को संशोधित भागीदारी लेख निष्पादित कर ली गयी। दिनांक 23.04.2019 को न्याज मो. के इंतकाल की वज़ह से एवं जायदा के नए भागीदार के प्रविष्ट होने की वज़ह से दिनांक 29.11.2023 को संशोधित भागीदारी लेख निष्पादित कर ली गयी। अब इस फर्म में वर्तमान में मो. इकबाल चौधरी, जमील अहमद चौधरी, जायदा, अब्दुल हमीद चौधरी, मंजूर अहमद चौधरी, अब्दुल हमीद चौधरी एवं कुतुबुद्दीन चौधरी भागीदार हैं। हर आम व खास को सूचित किया जाता हैं कि इस भागीदारी में किसी को कोई आपति हो तो तुरंत रजिस्ट्रार ऑफ़ फर्म्स, नागौर कार्यालय को सूचित करावे।

दिनांक-

वास्ते मैसर्स चौधरी मार्बल एंड मिनरल्स

भागीदार